# II PUC MID-TERM EXAMINATION, OCT./NOV. - 2024

**SUBJECT : HINDI (03)**

समय : 3 घंटे | कुल अंक : 80

कुल प्रश्नों की संख्या : 42

सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।
3. खंड 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा ।

## खंड – 'क'

**I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **10x1=10**

1) बुढ़ापे में आदमी की मारी जाती है.................।
i) बुद्धि ii) ज्ञान iii) इच्छा iv) निष्ठा

2) खलिहानों में इस युग का राज था –
i) द्वापर युग ii) कलियुग iii) त्रेतायुग iv) सतयुग

3) लेखक डॉ. 'बरसाने लाल चतुर्वेदी' मकर-संक्रांति के दिन यहाँ थे –
i) लखनऊ ii) हैदराबाद iii) इलाहाबाद iv) मैसूर

4) 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास के उपन्यासकार..............
i) प्रेमचंद ii) जैनेंद्र iii) यशपाल iv) अज्ञेय

5) पठित पाठ के अनुसार किसे सबसे ऊँचा स्थान देना उचित है –
i) स्वार्थपरता को ii) आडंबर को iii) सत्यता को iv) चतुराई को

6) सुशीला शादी के बाद कहाँ चली गई ?
i) जबलपुर ii) इंदौर iii) अजमेर iv) कोलकाता

7) 'अधिकार' कविता की कवयित्री का नाम है –
i) महादेवी वर्मा ii) मन्नू भंडारी iii) ममता कालिया iv) डॉ. विमला

8) कवि नरेन्द्रशर्मा ने इसे अधिक अपावन कहा है –
i) सरलता ii) कायरता iii) मनुष्यता iv) कोमलता

9) दादाजी के अनुसार उनका परिवार इस पेड़ के समान है –
i) पीपल ii) नीम iii) आम iv) बरगद

10) छोटी बहू के मन में इसकी मात्रा ज़रूरत से ज्यादा है –
i) स्वार्थ ii) लालच iii) दर्प iv) दया

**आ. कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **5x1=5**
**(में, के, के द्वारा, ने, पर, के सामने)**

11) पंछी .......... पिंजरा खाली किया ।

12) यह काम मेरे मित्र ............. हो जाएगा ।

(P.T.O)

13) मेज़ .......... पुस्तक रख दो।

14) घर .......... बगीचा है।

15) पास .......... डॉक्टर को बुला भेजें।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5x1= 5**

| | |
|---|---|
| 16) i) टोपी उछालना | i) आरंभ करना। |
| ii) आँखों से गिरना | ii) तेज़ दौड़ना। |
| iv) नींव डालना | iii) अपमानित करना। |
| iv) हवा से बातें करना | iv) याचना करना। |
| v) हाथ फैलाना | v) सम्मान नष्ट होना। |
| | vi) मेहनत से बचना। |

## खंड – 'ख'

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x3=6**

17) सुजान भगत पेड़ के नीचे बैठकर क्या सोचता है ?

18) धर्म–पालन करने के मार्ग में क्या–क्या अड़चन आते हैं ?

19) प्रदूषण के संबंध में गंगा मैया ने क्या कहा है ?

20) शीला अग्रवाल का लेखिका पर क्या प्रभाव पड़ा ?

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2x3=6**

21) "अच्छा, तुम्हारे सामने यह ढेर है। इसमें से जितना अनाज उठाकर ले जा सको, ले जाओ।"

22) "जिधर देखो उधर कर्त्तव्य ही कर्त्तव्य देख पड़ते हैं।"

23) बेटा, शब्दकोशों में उसका नाम शेष है, उपदेशकों के प्रयोग में भी आ रहा है।

24) 'आइ एम रिअली प्राउड आफ यू।'

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : 1x3=3**

25) सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है ?

26) कर्मयोग के स्वरूप के बारे में रहीम के क्या विचार हैं ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : 1x3=3**

27) कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती हैं ?

28) 'गहने' कविता के द्वारा कवि ने क्या आशय व्यक्त किया है ?

29) कवि नरेंद्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के संबंध में क्या कहा है ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2x3= 6**

30) ऐसा चाहो राज में,
जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा–बड़ो सभ सम बसै
रैदास रहै प्रसन्न।

**अथवा**

एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय।

(P.T.O)

31) वे मुस्काते फूल, नहीं –
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं –
जिनको भाता है, बुझ जाना ।

**अथवा**

कुछ भी बन बस कायर मत बन ।
ठोकर मार पटक मत माथा
तेरी राह रोकते पाहन ।

## खंड – 'ग'

**IV अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए :** 1x5=5

32) बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

दादा जी का चरित्र चित्रण कीजिए ।

**आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए :** 1x4=4

33) भारवि से संबंधित माता-पिता के बीच होने वाले प्रारंभिक संवाद का सार लिखिए ।

**अथवा**

शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ?

## खंड – 'घ'

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** 1x3=3

34) i) जंगल में बड़ा अंधकार है ।
ii) तुलसीदास ने रामचरित मानस का रचना की ।
iii) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ ।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** 1x3=3

35) i) रमेश अपना जन्मदिन मना रहा है । **(भूतकाल में बदलिए)**
ii) राजेश ने बहुत सारी कविताएँ लिखीं । **(वर्तमानकाल में बदलिए)**
iii) माली पौधों को पानी दे रहा है । **(भविष्यत् काल में बदलिए)**

**इ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** 1x3=3

36) i) अभिनेता ii) विदुषी iii) सदस्य

**ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** 1x3=3

37) i) नीचे लिखा हुआ
ii) कम जानने वाला
iii) बच्चों के लिए उपयोगी

**उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** 1x2=2

38) i) शिक्षित ii) कृति

**ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए :** 1x2=2

39) i) कठिनाई ii) पागलपन

VI अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x4= 4

40) मनुष्य सुखाभिलाषी प्राणी है। सुख व आनंद प्राप्त करने के लिए वह कर्म करता है। यद्यपि इस कार्य में परिश्रम और कष्ट तो करना पड़ता है, तो भी परिणति आनंद में होती है। मनुष्य धन कमाता है, उससे जरूरत की चीज़ों के अतिरिक्त ऐश्वर्य और विलास की वस्तुएँ खरीदता है। किसलिए ? आनंद पाने के लिए। आनंद के बिना मानव का जीवन शून्य है। किसी काम को करने का आनंद तभी मिलता है जब वह स्वेच्छा से किया गया हो। एक प्रसन्न चित्त व्यक्ति अपने आसपास के वातावरण को कभी नीरस होने नहीं देता। मानव के स्वभाव का असर दूसरे व्यक्तियों पर पड़े बिना नहीं रहता।

प्रश्न :

i) मनुष्य कैसा प्राणी है ?

ii) मनुष्य कर्म किसलिए करता है ?

iii) आनंद के बिना मनुष्य का जीवन कैसा है ?

iv) एक प्रसन्नचित्त व्यक्ति किसे नीरस होने नहीं देता ?

आ) 41) निबंध लिखिए : 1x4= 4

समय का सदुपयोग

अथवा

व्यायाम के महत्व को दर्शाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए :

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1x3= 3

42) i. ದೇಶದ ಸುರಕ್ಷತೆ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಕರ್ತವ್ಯವಾಗಿದೆ.
The security of our nation is our responsibility.

ii. ಕೇವಲ ಹಣದಿಂದಲೇ ಯಾರೂ ಸುಖವನ್ನು ಗಳಿಸಲಾರರು.
One cannot get happiness merely by acquiring money.

iii. ಮೊದಲು ನಿನ್ನ ಕರ್ತವ್ಯವನ್ನು ಮಾಡು, ನಂತರ ಹಕ್ಕುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಕೇಳು.
Do your duty first, then ask for your rights.

*****